हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 9 जुलाई 2024

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 26. 0 डिग्री

4 अघोषित बिजली कटौती व दर में बेतहाशा वृद्धि से क्षेत्र की जनता परेशान : कश्यप



स्थापना वर्ष 2014

VIPS

आइये मेडिकल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें...

विजन पैरामेडिकल

INFORMATION *CAREER GUIDANCE *ADMISSION
* COUNSELING & COACHING CENTER

प्रवेश प्रारंभ

गुणवत्ता युक्त एवं विश्वसनीय सेंटर
सभी पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ में नौकरी एवं रजिस्ट्रेशन हेतु मान्य हैं।

मोबा. 9131330801, 9340751120, 7869622725

पता: बिजली ऑफिस के सामने, राछाभाठा (नवागढ़)
जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.)

COURSES

योग्यता - 12 वीं (जीव विज्ञान)

BACHELOR IN MED.LAB. TECHNICIAN - 3 Years
DIPLOMA IN MED.LAB. TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN AYURVEDIC PHARMACY - 2 Years
DIPLOMA IN X-RAY TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN OPTHELMIC TECHNICIAN - 2 Years
CERTIFICATE IN OT TECHNICIAN - 1 Year

NEET/JEE में सलेक्शन नहीं तो फीस नहीं : PCI भिलाई

जो स्टूडेन्ट NEET व JEE की तैयारी करना चाहते हैं। उनके लिए सुनहरा अवसर है क्योंकि 15 जुलाई से नया बैच प्रारंभ होने जा रहा है जिसका नाम NEET व JEE जूनून बैच है।

इस बैच में पढने वाले स्टूडेन्ट को NEET व JEE में चयन होने के बाद ही फीस लिया जाता है यह बैच सीमित स्टूडेन्ट के लिए है केवल 40 स्टूडेन्ट ही इस बैच में पढाई करेंगे। इस बैच में प्रत्येक दिन 6 घंटे की क्लास व 3 घंटे की डाऊट क्लास इस तरह प्रत्येक दिन 9 घंटे की क्लास होगी। हर रविवार NEET व JEE आधारित साप्ताहिक टेस्ट होगी। इस बैच में पढाने वाले शिक्षकगण दिल्ली व कोटा के विषय विशेषज्ञ डाक्टर्स व आईआईटियन्स है। स्टूडेन्ट को क्लास में DPP, कम्पलीट स्टडी मटेरियल पैकेज, बैग, टी शर्ट दी जायेगी। लाइब्रेरी व छात्रावास की भी सुविधा है। कोर्स कम्प्लीट उपरान्त स्टूडेन्ट को ऑल इण्डिया टेस्ट सीरीज कराया जायेगा। बच्चों को मोटिवेशनल क्लास भी कराया जाता है जिससे उनमें आत्मविश्वास जागृत होती है।

जूनून बैच जैसे कि नाम से विदित हो रहा है कि सभी स्टूडेन्ट का नीट व जेईई में चयन कराना यह ऐसा बैच है जिसका सलेक्शन रेशियो 100% होता है। PCI भिलाई का उद्देश्य है कि हर स्टूडेन्ट देश के प्रतिष्ठित एम्स कॉलेज व आई.आई.टी. कॉलेज में पढ़ाई करें।

जूनून बैच के स्टूडेन्ट ने पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ में सर्वश्रेष्ठ परिणाम देकर एक अलग पहचान बनाया है जो छत्तीसगढ़ में एक अतुल्य परिणाम है।

आज नीट व जेईई में चयन होना बहुत ही आसान है। इसके लिए स्टूडेन्ट को प्रतिदिन 6 घंटे क्लास व 3 घंटे डाऊट क्लास अटेण्ड करना है। DPP को प्रैक्टीस करना है व डाऊट पूछना है। हर संडे टेस्ट देना है।

बस इतना कार्य स्टूडेन्ट ईमानदारी से कर लेता है तो उसे नीट व जेईई में सलेक्शन होने से कोई नहीं रोक सकता, बस यही सफलता का मूलमंत्र है। तो चलो स्टूडेन्ट आज ही जूनून बैच ज्वाइन करें व सफलता का इतिहास गढ़े।

**PCI संस्था भिलाई में शॉप नं. 133 न्यू सिविक सेंटर, भिलाई में संचालित होती है। मो.नं.- 7805888600.**

Advt.

(अकलतरा) प्रवेश प्रारंभ (अकलतरा)

न्यू महाराणा I.T.I.

Affiliated by:- (N.C.V.T & D.E.T.)
New Delhi (Govt. Of India)

ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, डीजल मैकेनिक, फिटर

योग्यता-10वीं पास (प्राईवट, ओपन, पत्राचार, नियमित)

प्रथम प्रवेशित 50 छात्रों को विशेष छुट

अतिशीघ्र प्रवेश लेवें मात्र 999/- नो डोनेशन

स्थान सीमित 100% रोजगार परक प्रशिक्षण

प्राचार्य: पोड़ीभांठा रोड
(रेल्वे स्टेशन के पास) अकलतरा
मो. 9203914563, 9203914561, 8435000498

## खबर संक्षेप

### जनसमस्या निवारण शिविर : आज से 26 तक होगा आयोजित

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में जिले में आम ग्रामीणजनों की समस्याओं, आवश्यकताओं एवं शिकायतों के समाधान आसानी हो सके इसके लिए 9 जुलाई से 26 दिसंबर तक जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। जनसमस्या निवारण शिविर में जिले के आला अधिकारी मौके पर पहुंचकर ग्रामीण जनों के समस्याओं का निराकरण करेंगे।

### परामर्शदात्री समिति एवं पुनर्विक्षा समिति की बैठक 10 को

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं समीक्षा समिति की बैठक 10 जुलाई को शाम 5 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। अग्रणी बैंक प्रबंधक ने बैठक में सभी समन्वयक अपनी अधीनस्थ समस्त शाखाओं का सभी शासकीय योजनान्तर्गत किए गए ऋण एवं किसान क्रेडिट कार्ड स्वीकृति एवं वितरणों की अद्यतन जानकारी के साथ बैठक की निर्धारित तिथि व स्थान पर उपस्थित होने के निर्देश दिये है। बैठक में पिछली डीएलसीसी o डीएलआरसी बैठक की कार्यवाही, बैंकिंग गतिविधियां, ऋण जमा अनुपात पर समीक्षा, केसीसी, वार्षिक साख योजना की लक्ष्य एवं प्रगति पर समीक्षा, प्रधानमंत्री बीमा सुरक्षा योजना, अटल पेंशन, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, शासकीय ऋण वितरण आदि विषयों पर समीक्षा कर चर्चा की जाएगी।

### पटरी पार करते समय आया ट्रेन की चपेट में, किशोर की मौत

**बाराद्वार।** नगर के वार्ड नं तीन निवासी युवक की आज सुबह ट्रेन की चपेट में आने से मृत्यु हो गई। सोमवार की सुबह लगभग 7 से 8 बजे वार्ड क्रमांक 3 के निवासी कौशल प्रसाद बंजारा जो डीएमसी में वेल्डर का काम करते हैं, उनके पुत्र दीपक कुमार बंजारा उम्र 16 वर्ष अपने पिता को डीएमसी खाना टिफिन पहुंचाने गया था। टिफिन देकर लौटते समय डीएमसी के सामने वाले रेल पटरी को पार कर अपने घर आ रहा था रेल लाइन क्रॉस करते समय दोनों ओर से ट्रेन आने से अपना संतुलन को खो दिया और दीपक बंजारा ट्रेन से दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## आय, जाति निवास प्रमाण पत्र बनवाने में हो रही परेशानी

# 3 सौ पटवारी अनिश्चितकालीन आंदोलन पर राजस्व संबंधित कामकाज प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

भुईयां साप्टवेयर में आ रही समस्या सहित अन्य मांगो को लेकर अभिवाजित जांजगीर चाम्पा जिले के 300 सौ से अधिक राजस्व पटवारी अनिश्चित कालिन आंदोलन पर चले गए है। जिसके कारण राजस्व कार्य सहित बच्चो को आय जाति निवास प्रमाण पत्र बनवाने मे काफी मशक्कत करनी पड रही है।

गौरतलब है कि अभिवाजित जांजगीर चाम्पा एवं सक्ती जिले को मिलाकर 657 ग्राम पंचायते एवं 925 राजस्व ग्राम आते है। इन दोनो जिलो को मिलाकर करीब 320 राजस्व पटवारी पदस्थ है। जो बंटाकान, सामांकन, नक्शा खसरा, आय, जाति, निवास, गिरदावरी सहित अन्य राजस्व संबंधित कामकाज का निपटारा करते है। वही विभिन्न स्थानो पर पदस्थ ये पटवारी पहले तो सोमवार 1 जुलाई से भुईयां साप्टवेयर में आ रही समस्या सहीत अन्य मांगो को लेकर करीब सप्ताह भर तक आंदोलन कर रहे थे। वही अब सोमवार 8 जुलाई से राजस्व पटवारी संघ से जुडे पटवारी अनिश्चित कालिन आंदोलन पर चले गए है। जिसके कारण एक ओर जहां राजस्व संबंधित कामकाज तो वही बच्चो के आय, जाति एवं निवास सहित अन्य तरह के दस्तावेज बनाने का काम पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है। भुईयां साप्टवेयर में आ रही तकनीकि खराबी को दुर कराने के उदेश्य से राजस्व पटवारी संघ के पदाधिकारी करीब साल भर पूर्व भी हडताल पर चले गए थे। वही उनकी मांगो पर किसी तरह कोई विचार तक नही किया गया। जिसे लेकर पटवारी संघ के पदाधिकारी फिर से हडताल पर चले गए है।



आंदोलन पर बैठे राजस्व पटवारी संघ।

### किया जा रहा आंदोलन

भुईयां साप्टवेयर में सुधार कार्य सहित अन्य मांगो को लेकर पटवारी संघ के पदाधिकारी अनिश्चित कालिन आंदोलन पर चले गए है। हडताल पर जाने की सूचना उच्च अधिकारियो को दी जा चुकी है।

-धर्मेन्द्र यादव
अध्यक्ष, जिला राजस्व पटवारी संघ

# सिवनी-चांपा में चला प्रशासन का डोजर, हटाया गया बेजाकब्जा

## राजस्व विभाग की टीम की उपस्थिति में हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

बलौदा विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सिवनी चांपा में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। जिसके तहत गांव के रानीपारा स्थित डबरी पार पर अवैध रूप से अहाता का निर्माण कराया गया था। जिसे तोडने की कार्रवाई की गई। इस दौरान तहसीलदार एवं उनकी टीम मुस्तैद रही।

गौरतलब है कि सोमवार 8 जुलाई को बलौदा विकासखंड के ग्राम पंचायत सिवनी चांपा में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है। अतिक्रमणकारियों को पंचायत स्तर पर लिखित रूप में नोटिस जारी किया। मगर नोटिस का उल्लंघन करने पर पंचायत ने दुबारा भी नोटिस जारी किया। पंचायत के दुबारा नोटिस को नही मानने से नाराज सरपंच ने एक बार फिर से मौका देते हुए तीसरी बार नोटिस जारी किया। किंतु पंचायत के तीन बार की लगातार नोटिस का उल्लंघन करने की जानकारी चाम्पा तहसीलदार, एसडीएम और कलेक्टर को देते हुए डबरी के पार से अतिक्रमण हटाने पुलिस बल की मांग किया। जिसे प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए मौके पर तहसीलदार पुलिस बल के साथ पहुँचे और जेसीबी मशीन से अहाता को तोड़ने की कार्यवाही शुरू किया गया। अतिक्रमणकारियों के आग्रह पर अतिक्रमण हटाने 17 जुलाई तक समय दिया गया है। मामला चाम्पा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत सिवनी की है। जहाँ गांव के ही कुछ लोगों द्वारा रानी पारा स्थित डबरी पार पर अवैध रूप से अहाता बनाई जा रही है। जिसे रोकने गांव के सरपंच लखेकुमारी चन्द्र कुमार राठौर ने नियमानुसार नोटिस जारी किया।



जेसीबी से बेजाकब्जा हटाते अमला।

# डीजीपी ने की सक्ती एसपी अंकिता शर्मा की प्रशंसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पुलिस महानिदेशक एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ने सक्ती जिले की पुलिस कप्तान अंकिता शर्मा की बेहतर कार्यशैली की प्रशंसा की है। दरअसल यह प्रशंसा उन्हें बीते अप्रैल महीने में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर नवीन जिला सक्ती में सीमित बल व सीमित संसाधन के बावजूद अल्प समय में बेहतर व्यवस्था बनाने पर मिली है।

गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव को लेकर बीते 23 अप्रैल को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नवीन जिला सक्ती आगमन हुआ था। इस दौरान सूचना के बाद अल्प समय में ही सीमित संसाधन व सीमित बल के बीच पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के नेतृत्व में व्यवस्था बनाई गई थी। इस कार्य के लिए पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा को प्रशंसा पत्र भेजा है।

**खास बात**

- अल्प समय में ही सीमित बल व संसाधन के बावजूद बनाई बेहतर व्यवस्था

### वन विभाग द्वारा फ्री मे किया जा रहा पौधा वितरण

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन के महत्वकांक्षी योजनाओं के तहत निःशुल्क पौधा वितरण 1 जुलाई से किया जा रहा है। उप वनमंडल अधिकारी जांजगीर-चांपा ने बताया कि वनमण्डल से विभिन्न प्रजातियों के पौधे निःशुल्क वनमण्डल कार्यालय परिसर चांपा से प्राप्त कर सकते है। पौधा प्रदाय हेतु वनमण्डल जांजगीर-चांपा के अंतर्गत वनपरिक्षेत्र अधिकारी चांपा एवं बीट गार्ड चांपा की ड्यूटी निर्धारित की गई है।

### जिला रोजगार कार्यालय में 16 को लगेगा रोजगार मेला

**जांजगीर-चांपा।** जिला प्रशासन जांजगीर चांपा एवं जिला रोजगार

# व्यापारी लगातार हो रहे ठगी का शिकार, सुनवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

आनलाइन ठगी के बारे में तो हम सब आए दिन सुनते रहते हैं, लेकिन चांपा और जांजगीर में कुछ दिनों से ऑफलाइन ठगी का मामला लगातार चल रहा है। ठगी के शिकार व्यापारियों ने प्रेस वार्ता में बताया कि कोरबा का एक ठग इन दिनों व्यापारियों को लगातार शिकार बना रहा है। उसके खिलाफ कई शिकायतें हो चुकी है। बावजूद इसके कार्रवाई नहीं हो पा रही है।

व्यापारियों ने बताया कि कोरबा का ठग व्यापारियों के पास जाकर मॉल का सौदा करता है और फिर अपने नाम का एचडीएफसी बैंक निहारिका कोरबा का चेक देता है, व्यापारी जब चेक को बैंक में लगाता है तो अकाउंट में जीरो बैलेंस दिखा रहा है। ठग इतना शातिर दिमाग का है कि उसके बातचीत से अभी तक कोई पकड़ नही पाया और वह अधिकतर सौदे के लिए शनिवार या रविवार के दिन ही व्यापारियों के पास पहुंचता है, वह शायद इसलिए हो सकता है कि उस दिन बैंक बंद रहता है, जिसका फायदा वह उठा लेता है। अभी तक ठग चांपा जांजगीर के विभिन्न व्यापारियों से ठगी कर चुका है जिसमे उमेश पालीवाल मंगलम ट्रेडर्स, घनश्याम जायसवाल घनश्याम इंटरप्राइजेज, हरिओम अग्रवाल राघव इंटरप्राइजेज, भागीरथी राठौर कृष्णा सेनेटरी, गणेश मोदी कान्हा ट्रेडर्स, प्रदीप टाइल्स, हरेंद्र साहू कड़ारी तथा अन्य बहुत सारे व्यापारियों को अपना शिकार अभी तक बना चुका है। ये सभी तरह के व्यापारियों को अपना शिकार बना रहा है जिसमे सीमेंट, छड़, इलेक्ट्रॉनिक्स, सेनेटरी, कपड़ा दुकान, कोल्डड्रिंक दुकान, चॉइस सेंटर इत्यादि। एक व्यापारी ने बताया कि उनसे ठगी किया हुआ मॉल मानिकपुर थाना क्षेत्र में बेचा गया है, जो की ठग के घर के पास ही है।



पत्रकारों से चर्चा करते चेंबर आफ कामर्स के पदाधिकारी।

## दोपहर में दिए जाने वाले मध्यान भोजन का भी पता नहीं

# भगवान भरोसे संचालित हो रहा मौहाडीह का आंगनबाड़ी केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ग्राम पंचायत मौहाडीह का आंगनबाड़ी केंद्र भगवान भरोसे संचालित हो रहा है। वहीं दोपहर में दिए जाने वाले मध्यान भोजन का भी कहीं कोई अता-पता तक नहीं है। जिसके चलते पढ़ने वाले बच्चों को परेशानी उठानी पड़ती है।

गौरतलब है कि बम्हनीडीह विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मौहाडीह गांव की आबादी महज एक हजार के करीब है। वही गांव में एकमात्र आंगनवाड़ी केंद्र का संचालन किया जा रहा है। देखा जाए तो इस आंगनवाड़ी केंद्र की पूरी व्यवस्था भगवान भरोसे संचालित हो रही है। दिखाने के लिए यहां 30 बच्चों का नाम आंगनबाड़ी केंद्र के रजिस्टर में दर्ज किया गया है, लेकिन जो संख्या है उसके हिसाब से बच्चे केंद्र तक नहीं पहुंच पाए। इसके अलावा सबसे बड़ी बात दोपहर के वक्त मेनू चार्ट के अनुसार पढ़ने वाले बच्चों को भोजन भी दिया जाना है, लेकिन इस केंद्र में भोजन की व्यवस्था भी नजर नहीं आती जिसके चलते आंगनबाड़ी केंद्र भगवान के भरोसे संचालित हो रहा है। इसके अलावा यहां बच्चों को पढ़ने लिखने के साथ लाने ले जाने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका की नियुक्ति की गई है, लेकिन इन कर्मचारियों के लापरवाही के कारण बच्चों को योजनाओं का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। वही देखा जाए तो भवन की समस्या के कारण आंगनबाड़ी केंद्र महज एक घर में जैसे तैसे व्यवस्था के आधार पर संचालित हो रहा है। एक तो महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा छोटे बच्चे आंगनबाड़ी केन्द्रों तक कैसे पहुंचे एवं शिक्षा ग्रहण करें। इस बात को ध्यान में रखकर लाखों रुपए हर महीने खर्च कर दिए जाते हैं वही आंगनबाड़ी केंद्र में पदस्थ कार्यकर्ता एवं सहायिका की लापरवाही के कारण बच्चों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। वही देखा जाए तो आंगनबाड़ी केंद्र भवन की स्थिति अत्यंत खराब हो चुकी है वही आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन महज एक छोटे से घर में किया जा रहा है।



### बनाएंगे व्यवस्था

आंगनबाड़ी केंद्र का भवन खराब हो चुका है जिसके कारण केंद्र का संचालन घर में किया जा रहा है। बच्चों को मध्यान भोजन का लाभ मिले, इसके लिए व्यवस्था बनाएंगे।

-श्रीमती रामवती खैरवार,
आंगनवाड़ी कार्यकर्ता
ग्राम पंचायत मौहाडीह

### की जाएगी कार्यवाही

आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन नियमों के तहत किया जाना है। बच्चों को दिए जाने वाले भोजन एवं भवन को लेकर समस्या आ रही है, तो इस बात की जानकारी लेकर उचित कार्यवाही की जाएगी।

-श्रीमती अनिता अग्रवाल,
महिला एवं बाल विकास महिला अधिकारी

# पालिका कर्मचारी के सूने मकान से डेढ़ लाख का सामान पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर पालिका में पदस्थ कर्मचारी के सूने मकान से अज्ञात चोरों ने सोने चांदी के आभूषण सहित डेढ़ लाख रुपए का सामान पार कर दिया।

घटना के संबंध में यह जानकारी मिली कि मनोज केवट अपने मकान में ताला बंद कर अपने परिवार के साथ बरसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए घटना के तीन दिन पूर्व कोरबा गया हुआ था। अज्ञात चोरों के द्वारा सुनेपन का फायदा उठाकर मनोज केवट के घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर सोने का लॉकेट, चांदी की पायल, बिछिया, चांदी का सिक्का, 5 हजार रुपए एवं मनोज केंवट की मां के कमरे की अलमारी का लॉकर तोड़कर सोने की चेन, चूड़ी व अन्य जेवरात सहित 1 लाख 50 हजार रुपए का सामान पार कर दिया। बरसी कार्यक्रम से वापस लौटने पर इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस के द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले को विवेचना में लिया गया है। मनोज केवट ने बताया कि यह गरीबी में आटा गीला वाली घटना है। पांच माह से नगर पालिका से वेतन नहीं मिलने से वह पहले से ही परेशान था। बच्चों को स्कूल में एडमिशन दिलाने के लिए उधार में लिए गए रुपए एवं मां के कमरे में छोटी बहन का रखा हुआ सोने के गहने भी अज्ञात चोरों के पार कर देने से उसे मानसिक एवं आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

- अकलतरा पुलिस जुटी जांच में

## खबर संक्षेप



### सुरक्षा उपकरण प्रदान करने पदाधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** गेवरा परियोजना में कार्यरत सभी कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण प्रदान करने के लिए प्रबंधन को बीएमएस के पदाधिकारियों द्वारा ज्ञापन दिया गया, जिसमें बीएमएस के पदाधिकारियों ने कहा कि आज के समय में हमारे कर्मचारियों के साथ सुरक्षा उपकरण प्रदान करने में भेदभाव का रवैया प्रबंधन द्वारा अपनाया जा रहा। ऐसा प्रतीत हो रहा किसी को हेलमेट दिया जा रहा किसी को नहीं किसी को गम्बूट दिया जा रहा किसी को नहीं तो किसी को हेलमेट दिया जा रहा तो किसी को नहीं इस प्रकार से कर्मचारियों के साथ जो रवैया प्रबंधन कर रही है वो अनुचित है। जिसका विरोध बीएमएस के पदाधिकारियों द्वारा ज्ञापन देकर किया है और सभी कर्मचारियों को एक समान व्यवहार करते हुए सबको सभी प्रकार के उपकरण प्रदान करने की माँग प्रबंधन के सामने रखा है। जिसमें मुख्यरूप से प्रीतम राठौर, मदन सिंह, रामनारायण साहू, वीरेंद्र राठौर, कुलदीप कुमार, मानिकांत, विनोद राठौर एवं राजकुमार सहित अन्य शामिल थे।

### महाविद्यालयीन छात्रों के लिए प्रवेश पोर्टल फिर से ओपन, अंतिम तिथि कल तक

**कोरबा।** कक्षा 12वीं के बाद कालेज के स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश प्राप्त करने आवेदन कर रहे छात्र-छात्राओं के लिए एक अच्छी खबर है। बीते दिनों प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया के तहत अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर ने प्रवेश पोर्टल पर पंजीयन क्लोज कर दिया था। इसके बाद भी बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं पंजीयन कराने से चूक गए थे। ऐसे विद्यार्थी, जिन्होंने प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए अभी तक पंजीयन नहीं कराया है, उन्हें एक और मौका देते हुए विश्वविद्यालय ने रजिस्ट्रेशन के लिए प्रवेश पोर्टल फिर से ओपन कर दिया है। 5 जुलाई से खोले गए रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर नए विद्यार्थियों को पंजीयन कराने एक और अवसर देते हुए 9 जुलाई तक का समय दिया गया है।

### पहाड़ी कोरवा की संदिग्ध मौत, जांच में जुटी पुलिस

**कोरबा।** एक पहाड़ी कोरवा को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला लेमरु थाना क्षेत्र के ग्राम केराझरिया की है। यहां निवासरत बूटूराम 50 वर्ष पिता स्व मोकरराम विगत दिनों रिश्तेदारी में अपने रिश्तेदार चेतराम के घर तीतरडांडगया हुआ था। जहां से वापस लौटने के दौरान वह रास्ते में गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसके बाद उसे डायल 112 की मदद से पिछले दिनों जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया था। जहां इलाज के दौरान बूटूराम की मौत हो गई थी और घटना की सूचना पर पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### अंडर 14 क्रिकेट में लोवकेश को उत्कृष्ट खिलाड़ी से किया सम्मानित

**कोरबा।** रायपुर में आयोजित उत्कृष्ट क्रिकेटर सम्मान समारोह 5 जुलाई को आयोजित किया गया था। सीएससीएस द्वारा मिरर रिसॉर्ड रायपुर में जिले के क्रिकेट खिलाड़ी लोवकेश यादव अंडर 14 खिलाड़ी ने इंटर ड्रिस्टिक टूर्नामेंट में अधिकतम विकेट लेकर चयनकर्ताओं को अपनी तरफ आकर्षित किया था। इस प्रदर्शन से अंडर 14 छत्तीसगढ सीएससीएस टिम में अपना स्थान प्राप्त किया और डूंगरपुर ट्रॉफी में राज्य की टीम में स्थान प्राप्त किया। लोवकेश यादव राइट आर्म लेग स्पिनर है जो कि वर्तमान में जिला क्रिकेट एसोसिएशन केडीसीए अंडर 14 टीम से खेलते हैं। टीम के क्रिक्रेट कोच अनिल प्रजापति है।



# शिक्षा सचिव के निर्देश का असर, जर्जर स्कूलों के मरम्मत की शुरु हुई तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले में नवा जतन और डीएमएफ में बड़ी राशि होने के बावजूद जर्जर स्कूलों के जीर्णोद्धार में रुचि नहीं लिए जाने व नौनिहालों के ऐसे स्कूलों में बरसात के समय पढ़ाई करने की मजबूरी को देखते हुए शिक्षा सचिव ने संज्ञान लेते हुए ऐसे जर्जर स्कूलों के मरम्मत कार्य तीन दिन में शुरु करने के निर्देश दिए हैं। जिले में 3 सौ से अधिक स्कूल हैं जो जर्जर होने के कारण बरसात के समय संचालन के लिए उपयुक्त नहीं रहते हैं।

जर्जर स्कूलों के जीर्णोद्धार के लिए राज्य शासन की ओर से नवा जतन योजना चालू की गई थी। वहीं स्थानीय स्तर पर डीएमएफ की राशि खर्च करने का प्रस्ताव तैयार हुआ था। जिसके तहत गर्मी के समय कार्य हुए नवा जतन की स्थिति को देखकर तैयारियां शिक्षा विभाग के द्वारा ऐसे स्कूलों की सूची तैयार की गई जिन्हें प्राथमिकता से सुधार कार्य किया जाना था। इनमें कई स्कूल ऐसे निकले जो नवा जतन से जीर्णोद्धार के बाद भी बरसात में कक्षाएं लगाने के लायक नहीं हैं। वहीं दूरस्थ श्यांग जैसे स्थल में जर्जर स्कूलों की जगह नए स्कूल भवन का निर्माण किया गया लेकिन बरसात के समय नए स्कूल भवन की यह स्थिति हो गई कि स्कूल के शिक्षकों को फिर से पुराने भवन में ही स्कूल लगाना पड़ा। अधिकारियों की नजरअंदाजी के कारण नौनिहालों और शिक्षकों को बरसात के समय परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले दिनों कलेक्टर अजीत वसंत ने बैठक लेकर जर्जर स्कूलों का जीर्णोद्धार डीएमएफ से कराए जाने के निर्देश दिए थे और शिक्षा विभाग से इसकी सूची मांगी गई थी। किंतु अब तक जीर्णोद्धार के कार्य बरसात के कारण शुरु नहीं हुए। इन स्कूलों में केवल दूरस्थ ग्रामीण अंचलों के स्कूल ही नहीं है बल्कि शहर में संचालित स्कूलों की भी यही स्थिति है।

### तीन सौ से अधिक स्कूल जर्जर, नवा जतन से भी नहीं सुधरी थी स्थिति




**जीर्णोद्धार किए जा रहे हैं**

जर्जर स्कूलों का जीर्णोद्धार कार्य शिक्षण सत्र के शुरु होने के पहले ही चालू कर दिया गया है। ग्रामीण अंचलों के स्कूलों में प्राथमिकता से लिया गया है। जर्जर स्कूलों में कक्षाएं नहीं लगाने के भी निर्देश दिए गए हैं। शहर के जर्जर स्कूलों केजीर्णोद्धार के कार्य शुरु कर दिया गया है।

\- टीपी उपाध्याय, डीईओ

## मानिकपुर चौकी पुलिस की टीम को मिली सफलता, उड़ीसा पासिंग का नंबर लगाकर भर रहे थे फर्राटे

# अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह का भांडाफोड़, चोरी की 5 बाइक जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मानिकपुर चौकी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जिसमें अंतर राज्यीय बाइक चोरी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को धरदबोचा है और पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने आधा दर्जन मोटरसाइकिल बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपी शहर में बाइक चोरी कर उसे पड़ोसी राज्य में खपाते थे। जहां पुलिस की टीम ने उड़ीसा में दबिश देकर चोरी के बाइक को जप्त किया है।

उल्लेखनीय है कि जिले में पिछले कुछ दिनों से लगातार मोटरसाइकिल व एक्टिवा सहित अन्य मोटरसाइकिल की चोरी की घटना लगातार सामने आ रही है। अलग-अलग क्षेत्र में चोरी की घटना से इस गिरोह को धरदबोचने के लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने सभी थाना चौकी प्रभारी को निर्देश जारी किया था। इस कड़ी में पिछले दिनों मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत रहने वाले चंद्रप्रकाश राठौर ने चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रेलवे स्टेशन मानिकपुर के पास से उसकी होंडा एक्टिवा मोटरसाइकिल को किसी अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया है। जिसकी छानबीन के लिए पुलिस जुटी हुई थी। इस बीच मानिकपुर चौकी प्रभारी प्रेमचंद साहू को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक अंतरराज्यीय गिरोह के सदस्य इस चोरी में शामिल है और चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। जिसके आधार पर पुलिस की टीम द्वारा चोरों के गिरेबान तक पहुंचने का प्रयास कर रही थी। इस बीच मानिकपुर पुलिस द्वारा टीम गठित कर मोटरसाइकिल चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में लचीदा ज़िला बरगढ़ उड़ीसा निवासी गणेश कुम्हार उर्फ़ बच्चा पिता नकुल कुम्हार उम्र 36 वर्ष, अख़्तियारपुर ज़िला ग़ाज़ियाबाद उत्तरप्रदेश निवासी भूपेन्द्र शर्मा पिता श्यामवीर शर्मा उम्र 54 वर्ष, खम्हार ज़िला रायगढ़ निवासी परिमल दास महंत पिता घासीदास महंत उम्र 35 वर्ष को गिरफ्तार कर उनके क़ब्ज़े से चोरी एक्टिवा के साथ पूर्व में चोरी किए गए कुल 5 मोटरसाइकिल और उड़ीसा पासिंग नंबर प्लेट को जप्त कर आरोपियों को गिरफ़्तार किया गया है, जिन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उक्त कार्यवाही मे सउनि अमर जयसवाल, मप्रआ स्मिता बेक, आर संजय रात्रे, गंगाराम डांडे और प्रदीप राठौर का विशेष योगदान रहा है।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जप्त बाइक।

### बाइक चोरी से बढ़ी पुलिस की टेंशन

जिले के अलग-अलग थाना चौकी क्षेत्र में लगातार बाइक चोरी की घटना में इजाफा हुआ है। पिछले कुछ महीनों से लगातार बढ़ती बाइक चोरी की घटना सामने आ रही है। चोरी के मामले भी थाना और चौकी में दर्ज हो रहे हैं लेकिन आरोपियों के गिरेबान तक पहुंचने में पुलिस को सफलता नहीं मिल पा रही है। क्राइम ब्रांच की टीम मारपीट के मामले में सरगना को पकड़ने में लगी हुई है तो वहीं दूसरी ओर चोरी के मामले को सुलझाने में थाना चौकी की पुलिस गंभीरता नहीं दिखा रही है। जिसके चलते शातिर बदमाश शहर के अलग-अलग इलाकों में घूम कर बाइक चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। 4 दिनों पूर्व सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मकान नंबर एसएफ-487 के बाहर खड़ी एक्टिवा चोरी के मामले में पुलिस अब तक कोई सफलता नहीं मिल पायी है तो वहीं दूसरी ओर बालको थाना में ही बाइक चोरी के तीन अलग अलग मामले दर्ज हुए हैं जिसमें चिंताराम कश्यप, श्रवण कुमार राठौर व हरीश मरावी की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

## कोरबा-कुसमुण्डा मार्ग पर बने बड़े बड़े गड्ढे, राहगीर हलाकान


इस तरह मार्ग में बने हैं गड्ढे जहां हो रहे हैं हादसे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा-कुसमुण्डा मार्ग पर बने गड्ढे जी का जंजाल बने हुए हैं। कुसमुण्डा पेट्रोल पंप के पास एक ऑटो एकाएक पलट गई। घटना का सुखद पहलू यह रहा कि इसमें कोई जनहानि नहीं हुई। ऑटो में सामान लोड था ऑटो के पलटने से सामान सडक़ पर धराशाई हो गया। 4 से 5 लोगों ने मिलकर ऑटो को सीधा किया। धकेल कर सडक़ के किनारे ले गए, फिर सडक़ पर फैले सामान को समेटा गया। ऑटो चालक ने बताया कि वह राशन का सामान लेकर बांकीमोंगरा की ओर जाने के लिए निकला था लेकिन कुसमुंडा के सड़क के गड्ढों में फंस गया, चालक ने कहा बड़ी मुश्किल से वह धीरे-धीरे ऑटो को चला कर गड्ढे वाले रास्ते को पार कर ही रहा था कि ऑटो का बैलेंस बिगड़ा और एकाएक पलट गया। कोरबा कुसमुण्डा मार्ग में जहां बरमपुर मोड़ के पास सडक़ की हालत बद से बद्तर है वहीं इमलीछापर से कुचेना मोड़ तक सडक़ में गड्ढे ही गड्ढे है बारिश की वजह से अब सडक़ में निर्मित गड्ढों के आकार विशालकाय हो गए है। हालात यह है कि सडक़ का नामोनिशान मिट चुका है केवल गड्ढे ही गड्ढे दिखाई पड़ते हैं इस वजह से वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उक्त मार्ग पार फोरलेन सडक़ बनाने का काम चल रहा है काम लगभग 80 फीसदी पूरा हो गया है लेकिन बरमपुर मोड में 200 मीटर और इमलीछापर के पास की सडक़ अधूरी है और इन दोनों ही जगह पर लोगों को सबसे ज्यादा समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बरमपुर मोड़ के पास 200 मीटर की सडक़ का निर्माण अधूरा है और यही 200 मीटर वाली सडक़ लोगों के लिए परेशानी का कारण है।

## सुराकछार व बल्गी में कर्मियों का जबरन स्थानांतरण मंजूर नहीं : दीपेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


दीपेश मिश्रा

श्रमिक संगठन एटक के प्रदेश कार्यवाहक दीपेश मिश्रा ने एसईसीएल प्रबंधन पर सुराकछार एवं बल्गी खदान में कार्यरत कर्मचारियों का जबरन सामुहिक स्थानांतरण किए जाने का आरोप लगाया है। श्री मिश्रा ने कहा है कि कर्मियों का जबरन स्थानांतरण एटक को मंजूर नहीं। उन्होंने कहा है कि पर्यावरण मंजूरी नहीं मिलने से दोनों खदान में खनन गतिविधियों को पूरी तरह बंद कर दिया गया है। केंद्रीय पर्यावरण विभाग ने वर्ष 2015 में ही सुराकछार एवं बल्गी प्रबंधन को भविष्य में खनन गतिविधियों को जारी रखने के लिए पर्यावरण मंजूरी ले लेने के लिए चेताया था, परन्तु प्रबंधन ने केंद्रीय पर्यावरण विभाग द्वारा जारी किए गए नोटिस को पूरी तरह नजर अंदाज करते हुए दोनों खदानों में खनन गतिविधियों को जारी रखने के लिए राज्य पर्यावरण विभाग से अस्थाई खदान संचालन के लिए सहमति ले लिया था और पुरजोर कोयला उत्पादन जारी रखा था जबकि केंद्रीय पर्यावरण विभाग द्वारा जारी नोटिस को प्रबंधन ने जानबूझकर गंभीरता से नहीं लिया। वहीं अब राज्य पर्यावरण विभाग ने भी पर्यावरण मंजूरी के अभाव में दोनों खदानों में कोयला उत्पादन को पिछले 5-6 माह पूर्व से पूरी तरह रोक दिया है। श्री मिश्रा ने कहा कि खदानों मे कोयला उत्पादन जारी रखने के लिए पर्यावरण मंजूरी एक लंबी प्रक्रिया है जो निश्चित आकार से बड़ी परियोजनाओं के लिए अनिवार्य है। इसीलिए ही पर्यावरण विभाग समय से पूर्व पर्यावरण स्वीकृति लेने के लिए सुचित करता है। उन्होंने कहा कि कोरबा एरिया के सुराकछार, बल्गी एवं सिंघाली खदान में पिछले कई माह से उत्पादन ठप्प है इसलिए कोरबा एरिया के प्रबंधन ने जबरन मजदूरों को रजगामार व दीगर खदानों मे स्थानांतरण कर दिया है, इसमें सबसे गंभीर बात तो यह है कि जो कामगार रिटायर्ड हो रहे हैं उनको भी बल्गी सुराकछार से 50 किलोमीटर दूर रजगामार मे ट्रांसफर कर दिया गया है जो कि बिल्कुल सही नहीं है एटक प्रबंधन के इस एक तरफा कार्रवाई का पुरजोर विरोध दर्ज करता है। इस संबंध में दीपेश मिश्रा ने कहा कि इस भारी वर्षा के मौसम में कर्मचारियों का स्थानांतरण करना एक अमानवीय कृत्य है। उन्होंने अंत में महाप्रबंधक कोरबा एरिया को अगाह किया कि जिले में हो रहे बरसात को ध्यान में रखते हुए फिलहाल कामगारों का ट्रांसफर को पुनर्विचार करते हुए तुरंत निरस्त करें।

### खदान में कर्मी की मौत के बाद छुट्टी पर गए कर्मी को बनाया दोषी

**कोरबा।** एसईसीएल सुराकछार खदान में लगभग 4 वर्ष पूर्व ड्यूटी के दौरान एक कर्मचारी की मौत हो गई थी। इस मामले में एटक के श्रमिक नेता दीपेश मिश्रा ने प्रबंधन पर हादसे से अपने आपको बचाने के लिए अवकाश पर गए एक ओवरमेन को फंसाने का आरोप लगाया है। श्री मिश्रा ने प्रबंधन द्वारा एसोसिएशन के पदाधिकारियों से मिलकर ओवरमेन को फंसाने का आरोप लगाया है। उल्लेखनीय है कि 27 नवंबर 2021 की रात्रि एसईसीएल सुराकछार खदान में कार्यरत कोलकर्मी रामचरण की मौत हो गई थी। एटक के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष दीपेश मिश्रा ने आरोप लगाया है कि प्रबंधन अपने आपको इस हादसे से बचाने के लिए विरेंद्र कुमार पटेल, वरिष्ठ ओभरमेन जो घटना के दिन वैधानिक स्वीकृति लेकर छुट्टी पर गया हुआ था। उसे मिलीभगत कर फंसाया जा रहा है। सुराकछार प्रबंधन ने उच्च अधिकारियों से मिलीभगत कर जांच करवाई को एकतरफा प्रभावित करके विरेंद्र कुमार पटेल को दुर्घटना का दोषी बना दिया। जबकि वीरेंद्र कुमार पटेल ड्यूटी में था ही नहीं वह छुट्टी पर गया था।

## हितग्राहियों को प्रथम किश्त जमा करने दिया गया अंतिम अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


फाइल फोटो

प्रधानमंत्री आवास योजना के मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक के हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि जमा करने हेतु नगर निगम द्वारा पुनः एक अंतिम अवसर दिया गया है तथा उनसे 7 दिनों के भीतर प्रथम किश्त की राशि निगम में जमा करने को कहा गया है। यदि उनके द्वारा यह राशि जमा नहीं कराई जाती तो उन हितग्राहियों का आबंटन स्वतः निरस्त माना जाएगा एवं शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के तहत मोर मकान-मोर आस घटक के हितग्राहियों को उक्त आवासगृहों का आबंटन कर दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के घटक मोर मकान-मोर चिन्हारी एएचपी अंतर्गत दादरखुर्द में 2784 आवासगृहों का निर्माण कराया गया है, इस घटक के अंतर्गत नगर निगम क्षेत्रांतर्गत स्थित अस्थाई स्लम बस्तियों, पम्प हाउस, परसाभांठा, रूमगरा एवं कोहड़िया के पात्र हितग्राहियों का चयन पूर्व में किया गया था। निगम द्वारा इन स्लम बस्तियों के चयनित हितग्राहियों से कई बार मौखिक रूप से, नोटिस के माध्यम से एवं व्यक्तिगत संपर्क कर प्रथम किश्त की राशि जमा करने का आग्रह किया गया, साथ ही बस्तियों के सामुदायिक भवनों में हितग्राहियों की सूची चस्पा कर एवं वहाँ के जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर हितग्राहियों को इस हेतु प्रोत्साहित किए जाने के प्रयास भी किए गए किन्तु अभी भी कुछ हितग्राहियों द्वारा इस दिशा में कोई रूचि नहीं ली गई है। निगम द्वारा इन स्लम बस्तियों के चयनित इन हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि जमा करने हेतु पुनः एक अंतिम अवसर देते हुए 7 दिवस के अंदर राशि जमा करने को कहा गया है, यदि उक्त समय अवधि में उनके द्वारा प्रथम किश्त की राशि जमा नहीं कराई जाती तो उनकी अनिच्छा मानकर उक्त आवासगृहों को शासन के दिशा निर्देशों के अनुसार मोर मकान-मोर आस के चयनित पात्र हितग्राहियों को आबंटित किया जाएगा।

### जमीन पर सोते समय सांप काटने से बच्ची की मौत

**राजपुर।** जमीन पर सोते समय करैत सांप काटने से दस वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। बच्ची को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि ग्राम ठरकी निवासी 10 वर्षीया रेशमी कोड़ाकु आ. श्रीराम कोड़ाकु बीती रात खाना खाने के बाद दादी के साथ जमीन पर सो गई थी। इस दौरान देर रात दो बजे उसके बाएं हाथ पर कुछ काटने का एहसास हुआ।

### एनईपी में स्टूडेंट को एक सेमेस्टर में 20 क्रेडिट करना होगा अर्जित

**कोरबा।** केएन कॉलेज में बुधवार को नई शिक्षा नीति (एनईपी) पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। राज्य स्तर पर प्रशिक्षिक मास्टर ट्रेनर व शासकीय पीजी कॉलेज में वनस्पतिशास्त्र के सहायक प्राध्यापक डॉ संदीप शुक्ला ने इस कार्यशाला में कॉलेज के प्राध्यापक-सहायक प्राध्यापकों को मार्गदर्शन प्रदान किया। एनईपी को लेकर उनके मन में चल रही जिज्ञासाओं का समाधान किया। डॉ शुक्ला ने बताया कि फस्ट सेमेस्टर से लेकर आठवें सेमेस्टर तक शासन की वेबसाइट पर सारा कॅरिकुलम अपलोड कर दिया गया है। जितने भी पेपर है, वेबसाइट पर उपलब्ध हैं, अगर चाहें तो उन्हें जरुरत अनुसार डाउनलोड किया जा सकता है।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला-सक्ती (छ.ग.)**

विवाह प्रकरण क्रमांक 175/2023-24
ग्राम-मल्दा पोस्ट हसौद, तहसील-जैजैपुर
आवेदक मुकेश खुंटे, उम्र 21 वर्ष 03 माह पिता श्री महेत्तर लाल खुटे जाति सातनामी, निवासी ग्राम सोनादह, पोस्ट बिर्रा थाना बिर्रा, तहसील चांपा, जिला-जांजगीर चाप (छ.ग.) एवं आवेदिका कु. विनीता कश्यप, उम्र 20 वर्ष पिता श्री तेरसराम कश्यप जाति कुर्मी, निवासी ग्राम मल्दा, पोस्ट हसौद, थाना हसौद तहसील जैजैपुर, जिला सक्ती (छ.ग.)

विरुद्ध
छत्तीगढ़ शासन
**ईश्तहार**

आम जनता मल्दा पोस्ट हसौद तहसील जैजैपुर, जिला-सक्ती (छ.ग.) के एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक मुकेश खुंटे, उम्र 21 वर्ष 03 माह पिता श्री महेत्तर लाल खुंटे जाति सतनामी, निवासी ग्राम सोनादह, पोस्ट बिर्रा, थाना बिर्रा, तहसील चांपा, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका कु. विनीता कश्यप, उम्र 20 वर्ष पिता श्री तेरसराम कश्यप जाति कुर्मी, निवासी ग्राम मल्दा, पोस्ट हसौद, थाना हसौद तहसील जैजैपुर, जिला-सक्ती (छ.ग.) द्वारा संयुक्त रूप से विशेष विवाह अधिनियम 1954 की चारा-5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अत: इस संबंध में किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी दावा / आपत्ति इस न्यायालय में दिन क 02.08.2024 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.07.2024 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**विवाह अधिकारी**
**जिला सक्ती (छ.ग.)**

**TOP IN JANJGIR**

ADMISSION GUIDENS 2024-25

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 01 | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 02 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 03 | BPT (बेचलर ऑफ फिजीयो थैरेपी) | 4 Year | 12th Bio |
| 04 | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 05 | D. PHARMA | 2 Year | 12th Bio&Maths |

Gurukripa paramedical college Nehru Chowk Bilaspur Mo.7000421146

**जैन स्वीट्स**
लिंक रोड, पारस बाजार के पास, जांजगीर
हमारे यहां पारंपरिक ट्रेडिशनल फैन्सी मिठाई ड्राईफ्रुट मिठाई, छेना, खोवा अन्य छप्पन प्रकार के मिठाई एवं स्वादिष्ट ताजा नमकीन प्राप्त करें।
नास्ता खम्मन ढ़ोकला, कचौंड़ी, फाफड़ा
8889821151, 8871779942




**ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई**
**ITI AKALTARA**
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3, बलोदा रोड, अकलतरा, (जांजगीर-चांपा)
89595-93946 • 89595-44444

8-JULAY- Jash-RGH-CORIYA-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 7/8/2024 8:21 PM Page 1





# सिंगर नहीं पुजारी बनने के लिए घर से भागे थे कैलाश

**मुंबई।** कैलाश खैर का नाम बॉलीवुड के पॉपुलर सिगर्स की लिस्ट में शुमार हैं। आज उनका बर्थडे है। क्या आप ये जानते हैं कि कैलाश कभी सिगर बनना ही नहीं चाहते थे बल्कि वो पुजारी बनने के लिए छोटी सी उम्र में घर छोड़कर भाग गए थे। कैलाश खका जन्म 7 जुलाई को दिल्ली में हुआ था। उनके पिता एक लोक गायक थे। दरअसल कैलाश जब कैलाश खेर 14 साल के थे। तो घर से पुजारी बनने के लिए ऋषिकेश भाग गए। वहां कुछ दिन रहने के बाद उन्हें समझ आ गया कि ये सब उनके लिए नहीं है। इस चीज से वो एक दिन इस कदर निराश हो गए थे कि उन्होंने गंगा नदी में कूदकर आत्महत्या करने की कोशिश की।

लाइफ Style




# रश्मिका
## 'कुबेर' का पहला टीजर जारी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

साउथ फिल्म इंडस्ट्री से लेकर बॉलीवुड तक एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना अपनी खास पहचान बना चुकी हैं। बीते साल रणबीर कपूर के साथ आई ब्लॉकबस्टर फिल्म 'एनिमल' की सफलता के बाद एक्ट्रेस काफी डिमांड में हैं। उनके हाथ बॉलीवुड के एक और बड़ी फिल्म हाथ लगी है।

सलमान खान के साथ अगली फिल्म 'सिकंदर' में नजर आएंगी। इससे पहले उनकी एक और फिल्म सुर्खियों में है। रश्मिका और धनुष स्टारर फिल्म 'कुबेर' को लेकर काफी बज़ है। अब इस फिल्म का पहला लुक सामने आ गया है। शुक्रवार को मेकर्स और रश्मिका ने फिल्म का पहला टीजर रिलीज कर दिया है। 5 जुलाई को रश्मिका ने अपने सोशल मीडिया पर फिल्म का टीजर शेयर किया जिसमें वह एक अलग अंदाज में नजर आ रही हैं। 'कुबेर' का ये टीजर वीडियो 48 सेकेंड का है जिसमें काफी सस्पेंस बना हुआ है। फिल्म 'कुबेर' में रश्मिका मंदान और धनुष के अलावा नागार्जुन अक्किनेनी भी नजर आने वाले हैं। इसका निर्देशन कमान शेखर कम्मुला ने किया है। ये एक पैन इंडिया फिल्म होगी जो हिंदी, अंग्रेजी, तमिल और तेलुगु भाषा में रिलीज होगी। फिलहाल अभी फिल्म की रिलीज डेट सामने नहं आई है। वीडियो में रश्मिका आधी रात में एक जंगल जैसी गुमनाम जगह पर जाती हैं, अपने आसपास देखती हैं और फिर जमीन खोदना शुरू करती हैं। जमीन से एक सूटकेस निकालती हैं जिसमें ढेर सारे पैसे भरे होते हैं। उसे देख वह खुशी हो जाती हैं और भगवान को हाथ जोड़ते हुए धन्यवाद देती हैं। इस पूरे सीन से फिल्म को लेकर काफी सस्पेंस बना हुआ है।

हॉलीवुड मसाला



# ऑस्कर विजेता जॉन नहीं रहे...

**लॉस एंजिलस।** ऑस्कर विजेता निर्माता जॉन लैंडौ, जिन्होंने फिल्म निर्माता जेम्स कैमरून के साथ मिलकर फिल्म 'टाइटैनिक' और 'अवतार' के लिए काम किया था। उनका कैंसर के कारण निधन हो गया। वह 63 वर्ष के थे। निधन से पहले लैंडौ ने 'अवतार 2' सीक्वल के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया था। 1997 में रिलीज हुई 'टाइटैनिक' को लैंडौ और कैमरून की बदौलत सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार और तीन ऑस्कर जीते। इस जोड़ी ने अब तक रिलीज हुई सबसे ज्यादा कमाई करने वाली चार फिल्मों में से तीन साथ में बनाई है।




# जॉन सीना ने की डब्ल्यूडब्ल्यूई से संन्यास की घोषणा...

**लॉस एंजिलस।** पहलवान और अभिनेता जॉन सीना ने डब्ल्यूडब्ल्यूई से संन्यास की घोषणा कर दी है। जॉन साल 2001 से डब्ल्यूडब्ल्यूई से जुड़े हुए है और 16 बार वर्ल्ड चैंपियन का खिताब जीत चुके हैं। जॉन सीना ने एलान करते हुए कहा कि वो रेसलमेनिया 2025 के बाद डब्ल्यूडब्ल्यूई से संन्यास ले रहे हैं। जॉन सीना को लोग 23 साल से भी ज्यादा समय से रिंग में पहलवानी करते हुए देख रहे हैं और जब अगले साल वो आखिरी बार रिंग में उतरेंगे तो उनके चाहने वालों के लिए वो भावुक कर देना वाला पल होने वाला है। मालूम हो कि जॉन सीना डब्ल्यूडब्ल्यूई में 2018 से पार्ट-टाइम ही नजर आ रहे हैं। उन्हें अक्सर एक तौलिया के साथ देखा जाता रहा है, जिस पर 'कभी हार ना मानो' लिखा होता था, लेकिन इस बार उनके तौलिया पर लिखा था- 'अब आखिरी बार है'। जॉन सीना ने अपने संन्यास की घोषणा 'मनी इन द बैंक' के दौरान की, जो डब्ल्यूडब्ल्यूई की एक रेसलिंग प्रतियोगिता है।



# भड़के डॉक्टरः कहा- जेल भेजना चाहिए...

**मुंबई।** बीते कुछ सालों से सामंथा रुथ प्रभु मायोसाइटिस बीमारी से जूझ रही हैं। उन्होंने इसका इलाज भी कराया है और अब वह स्वस्थ्य हैं। बीते दिनों एक्ट्रेस को सामान्य वायरल हो गया था। इसके लिए उन्होंने लोगों को बिना जरूरत के दवाई लेने से मना करते हुए लोगों को नेबुलाइजर में हाइड्रोजन पेरोक्साइड और डिस्टिल्ड वॉटर का इस्तेमाल कर इलाज का उपाय बता रही थीं। उन्होंने कहा था कि इसका उपयोग करने से तुरंत आराम मिलता है और ये अनावश्यक दवाओं से बचता है। सामंथा के इस उपाय को लेकर एक डॉक्टर ने इस तरह की खतरनाक टिप्स देने पर उनकी जमकर आलोचना की और सामंथा को हेल्थ और साइंस का अज्ञानी बताते हुए लिखा कि लोगों की जिंदगी खतरे में डालने पर सामंथा पर फाइन लगना चाहिए या जेल भेजा जाना चाहिए।



# 'सिकंदर' में नजर आएंगे सत्यराज व प्रतीक

**मुंबई।** अभिनेता सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'सिकंदर' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म के निर्देशन की कमान एआर मुरुगडॉस ने संभाली है, वहीं साजिद नाडियाडवाला इस फिल्म के निर्माता हैं। 'सिकंदर' में सलमान के साथ अभिनेत्री रश्मिका मंदाना नजर आएंगी और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। ताजा खबर यह है कि प्रतीक बब्बर और सत्यराज फिल्म 'सिकंदर' की स्टार कास्ट में शामिल हो गए हैं। 'सिकंदर' की शूटिंग का पहला शेड्यूल खत्म हो चुका है। यह फिल्म अगले साल ईद के खास मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। नाडियाडवाला ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर प्रतीक और सत्यराज की कुछ तस्वीरें साझा की हैं।

टीवी मसाला



# तारक मेहता में 'मिसेज सोढ़ी' से लेकर 'टप्पू' के किरदार में अब नए चेहरे..

**मुंबई।** कॉमेडी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' हमेशा चर्चा में बना रहता है। ये शो पिछले 15 सालों से दर्शकों को एंटरटेन करता हुआ आ रहा है। तारक मेहता शो में दिलीप जोशी को जेठालाल की भूमिका में देखा जाता है। जेठालाल तो इस शो की जान हैं। वहीं मुनमुन दत्ता तारक मेहता शो में बबीताजी की भूमिका में दिखाई देती हैं। बबीता जी पर जेठालाल जान न्योछावर करने को भी तैयार रहते हैं।

***इन कलाकारों को किया गया रिप्लेसः*** इस शो में पिछले सालों में कई बदलाव हुए हैं। जी हां आपको बता दें कि 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में अभी तक कई किरदारों को रिप्लेस किया जा चुका है। इस लिस्ट में सबसे पहला नाम टप्पू का आता है। टप्पू को शो में फैंस काफी पसंद करते हैं। इस रोल को सबसे पहले भव्य गांधी निभा रहे थे। बाद में इस रोल को राज अनादकट और अब फिर उनकी जगह नीतीश भलूनी ने ले ली है।

***मिस्टर एंड मिसेज सोढ़ी :*** इसके अलावा शो में मिसेज रोशन सोढ़ी का रोल जेनिफर बंसीवाल निभा रही थीं लेकिन उन्होंने इस शो को अलविदा कह दिया और अब मोनाज मेवावाला इस किरदार में दिखाई दे रही हैं। लिस्ट में आगे नाम है रोशन सिंह सोढ़ी का रोल निभाने वाले एक्टर गुरुचरण सिंह का, जी हां उन्होंने शो छोड़ दिया था जिसके बाद इस रोल को लाड सिंह ने निभाया था, लेकिन उन्होंने भी शो को छोड़ दिया था फिर अब बलविंदर सिंह रोशन सोढ़ी का किरदार निभा रहे हैं।

## बचपन में ही घर छोड़कर भाग गई थीं शहनाज

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 13' में अपनी चुलबुली अदाओं से दिल जीतने वाली शहनाज गिल अपने फैंस के दिलों पर खूब राज करती हैं, लेकिन एक टाइम ऐसा था जब शहनाज ने दर-दर की ठोकरें खाई हैं। शहनाज गिल



ने आज अपनी मेहनत के दम पर टीवी से लेकर बॉलीवुड में अपनी खास पहचान बना ली है लेकिन एक समय ऐसा था जब इंडस्ट्री में नाम बनाने के लिए एक्ट्रेस बचपन में ही घर से भाग गई थी। शहनाज को हमेशा से खुद पर भरोसा था कि उनके सपने एक ना एक दिन पूरे हो जाएंगे। पंजाब की कैटरीना कैफ के नाम से खुद को बुलाने वाली एक्ट्रेस शहनाज को असली पहचान बिग बॉस से मिली है। बिग बॉस के घर के अंदर भी शहनाज ने बताया था कि, 'जब वह शूटिंग के लिए घर से निकलती थी, तो कोई भी उन्हें सेट तक छोड़ने के लिए तैयार नहीं होता था। घर में बहुत हंगामा होता था। इसके बाद करीब 3-4 साल तक घरवालों से उन्होंने सारे रिश्ते खत्म कर लिए थे।

# आलिया व शरवरी की फिल्म से उठा पर्दाः टाइटल हुआ रिलीज...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट अक्सर अपने धमाकेदार फिल्म को लेकर चर्चा में रहती हैं। इसी बीच आलिया और शरवरी की फिल्म का टाइटल रिलीज किया गया है। दरअसल, आलिया भट्ट आदित्य चोपड़ा की वायआरएफ स्पाई यूनिवर्स की



पहली फीमेल लीड फिल्म एक्ट्रेस हैं। इसी बीच मेकर्स ने वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो के बैकग्राउंड में आलिया भट्ट की आवाज सुनाई दे रही है। वहीं बता दें, यशराज फिल्म्स अपने स्पाई यूनिवर्स को और भी बड़ा कर रहा है। अब तक उनके बैनर तले 'वॉर' से लेकर 'टाइगर' और 'पठान' जैसी कई फिल्में बन चुकी हैं, जिसमें शाहरुख खान से लेकर सलमान खान और ऋतिक रोशन जैसे सेलेब्स दमदार एक्शन करते हुए नजर आए थे। ऐसे में अब यशराज के सबसे बड़े यूनिवर्स में बॉलीवुड एक्ट्रेसेज आलिया और शरवरी का नाम भी जुड़ गया है।

***देश के दुश्मनों से भिड़ेंगी आलिया-शरवरी वाघ :*** इस फिल्म में आलिया भट्ट और शरवरी वाघ देश के दुश्मनों से भिड़ती नजर आएंगी। हालांकि, वायआरएफ ने ये कदम समाज में उस गलतफहमी को तोड़ने के लिए उठाया है कि केवल पुरुष ही अल्फा हो सकते हैं। ऐसे में अब 'अल्फा' का पहला वीडियो आते ही सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।

# रणवीर चुराते थे निर्माताओं के फोन नंबर बदला सरनेम, बेच चुके हैं चिकन...

**मुंबई।** रणवीर सिंह आए दिन किसी न किसी वजह से चर्चा में रहते हैं। वह फिल्म इंडस्ट्री का वो नाम हैं, जिन्होंने अपने दम पर अपनी एक खास पहचान बनाई है। रणवीर आज यानी 6 जुलाई को अपना 39वां जन्मदिन मनाया। रणवीर ने बताया था कि कॉलेज के दिनों में पार्ट टाइम नौकरी करने के दौरान वह बटर चिकन बेचते थे और बनाया भी करते थे। वे अमेरिका की स्टारबक्स कैफे में पार्ट टाइम नौकरी भी करते थे। उस दौरान वह एक विज्ञापन एजेंसी में बतौर राइटर काम करते थे।

***असली सरनेम सिंह नहीं.... :*** बहुत कम लोग इस बात से वाकिफ होंगे कि रणवीर का सरनेम सिंह नहीं, बल्कि भवनानी है। फिल्मों में आने से पहले ही उन्होंने अपना सरनेम बदल दिया था।



दरअसल, एक इंटरव्यू में उन्होंने इसका खुलासा किया था कि यह सरनेम उनके नाम के साथ काफी बड़ा हो रहा था। ऐसे में उन्होंने इस बदलकर सिंह कर लिया। उन्हें लोग रणवीर सिंह के नाम से ही जानते हैं। रणवीर भवनानी से कोई नहीं जानता।

***लोगों के फोन से चुराते थे निर्माताओं के नंबरः*** रणवीर ने बताया था कि वह प्रोडक्शन हाउस में जाकर अपना पोर्टफोलियो दिया करते थे, लेकिन निर्देशक उसे कचरे के डब्बे में फेंक देते थे। एक समय उन्होंने उम्मीद छोड़ दी थी कि वो हीरो बन पाएंगे। काम की तलाश में रेस्तरां और नाइट क्लब में वह निर्माताओं का पीछा किया करते थे, ताकि उन्हें फिल्मों में एक बार मौका मिल जाए। वह फिल्मों में एक मौका पाने के लिए लोगों के फोन से निर्माताओं के नंबर चुराया करते थे।

***कॉलेज के दिनों में बेचा चिकन :*** रणवीर ने बताया था कि कॉलेज के दिनों में पार्ट टाइम नौकरी करने के दौरान वह बटर चिकन बेचते थे और बनाया भी करते थे। जब उन्होंने अमेरिका की इंडियाना यूनिवर्सिटी में एडमिशन लिया था, तब उन्होंने अभिनय और थिएटर के गुर सीखना शुरू किए।

***बॉलीवुड से पुराना नाता :*** रणवीर का 50 के दशक की अभिनेत्री चांद बर्क से बहुत करीबी नाता है, जिन्हें राज कपूर ने फिल्मों में ब्रेक दिया था। रणवीर इन्हीं के पोते हैं।

## ज्यादातर फिल्में सिनेमाघरों का रुख करेंगी, वहीं कुछ ओटीटी पर भी दस्तक देंगी

# इस माह रिलीज होने वाली हैं कई बड़ी फिल्में, इन सितारों पर लगा है दांव


*जून में कई फिल्में दर्शकों के बीच आईं। कुछ सफल रहीं तो कुछ असफल। हालांकि, 'कल्कि 2898 एडी' के साथ इस महीने का अंत धमाकेदार रहा। अब जुलाई में भी सिनेप्रेमियों को कई बढ़िया फिल्मों की सौगात मिलने वाली है। ज्यादातर फिल्में सिनेमाघरों का रुख करेंगी, वहीं कुछ ओटीटी पर भी दस्तक देंगी। जुलाई के महीने में कई सितारों की किस्मत दांव पर लगी है। आइए जानते हैं जुलाई में कितनी फिल्में रिलीज हो रहीं जो आपका मनोरंजन करेंगी।*

### 'औरों में कहां दम था'




इस साल के पहले 6 महीने में 'शैतान' और 'मैदान' जैसी फिल्मों के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करने वाले दमदार अभिनेता अजय देवगन फिल्म 'औरों में कहां दम था' लेकर आ रहे हैं। उनकी इस फिल्म ने 5 जुलाई को सिनेमाघरों का रुख किया। नीरज पांडे ने इसका निर्देशन किया है। फिल्म में अजय की जोड़ी तब्बू के साथ बनी है, वहीं जिमी शेरगिल भी इसमें एक खास भूमिका निभाने वाले हैं।

### 'किल'



यह फिल्म इसलिए भी चर्चा में है, क्योंकि करण जौहर और गुनीत मोंगा ने मिलकर इसे बनाया है। टीवी के जाने-माने अभिनेता लक्ष्य लालवानी इसके जरिए बॉलीवुड में अपनी शुरुआत कर रहे हैं। यह कई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सवों में वाहवाही लूट चुकी है। फिल्म के ट्रेलर ने दर्शकों का ध्यान खींचा है। राघव जुयाल और तान्या मणिकतला भी इसका हिस्सा हैं। यह फिल्म भी 5 जुलाई को ही सिनेमाघरों में रिलीज हुई है।

### 'सरफिरा'



अक्षय कुमार की बड़े बजट की फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' इस साल ईद के मौके पर रिलीज हुई थी, लेकिन इसने बॉक्स ऑफिस पर अपना कमाल नहीं दिखाया। अब वह फिर 'सरफिरा' के साथ रुपहले पर्दे पर अपनी वापसी के लिए तैयार हैं। राधिका मदान और परेश रावल फिल्म में अक्षय के साथ अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। यह फिल्म 12 जुलाई को सिनेमाघरों में आएगी।

### 'इंडियन 2' और 'बैड न्यूज'

अक्षय का सामना बॉक्स ऑफिस पर कमल हासन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'इंडियन 2' से होने वाला है। दरअसल, यह फिल्म भी 12 जुलाई को ही सिनेमाघरों में आएगी। फिल्म में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई की एक कहानी दिखाई जाएगी। फिल्म का ट्रेलर और इसमें कमल का धांसू अवतार दर्शकों को बेहद पसंद आया है। उधर फिल्म 'बैड न्यूज' सिनेमाघरों में 19 जुलाई को आएगी। इसके लिए पहली बार विक्की कौशल, तृप्ति डिमरी और एमी विर्क की तिकड़ी साथ आई है।



### 'ककुड़ा' और 'वाइल्ड वाइल्ड पंजाब'

सोनाक्षी सिन्हा, रितेश देशमुख और साकिब सलीम की फिल्म 'ककुड़ा' 12 जुलाई को जी 5 पर रिलीज होगी। उधर वरुण शर्मा, सनी सिंह, पत्रलेखा और जस्सी गिल की चर्चित कॉमेडी फिल्म 'वाइल्ड वाइल्ड पंजाब' 10 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है।



## निशान यात्रा के दौरान शिव तांडव ग्रुप के कलाकारों ने प्रस्तुत की जीवंत झांकी





अकलतरा। नवनिर्मित श्री श्याम मनोहर मंदिर में श्री खाटू श्याम के विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर नगर में निशान यात्रा निकाली गई। इस दौरान श्री श्याम भक्त परिवार के द्वारा श्याम बाबा का भव्य रथ, बाहुबली हनुमान, 6 फीट के शिवलिंग एवं शिव तांडव ग्रुप के द्वारा दी गई आकर्षक प्रस्तुति से नगर वासी भाव विभोर हो गए। शिव तांडव ग्रुप के कलाकारों की प्रस्तुति इतनी जीवंत थी कि नगर वासी प्रशंसा करने से एवं राधा कृष्ण का रूप धारण किए हुए कलाकारों के साथ श्याम भक्त परिवार के सदस्य थिरकने से स्वयं को रोक नहीं सके। छाया : हरिभूमि

### खबर संक्षेप

## सेक्टर स्किल काउंसिल में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को दिया गया प्रमाण पत्र




**झरना।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झरना के कक्षा 10 वी एवं 12 वीं के नवीन व्यावसायिक शिक्षा के आई.टी ट्रेड के विद्यार्थियों का सेक्टर स्किल काउंसिल (एस. एस. सी.) की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। यह-प्रमाण पत्र कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय भारत सरकार व समग्र शिक्षा रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा प्रदान किया जाता है। झरना के स्कूल में कक्षा 9वीं से 12वीं तक सभी विषयों की पढ़ाई के साथ ही आई टी. विषय के साथ प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को रोजगार उन्मुखीकरण, संचार कौशल स्व प्रबंधन कौशल की ट्रेनिग दी गई ताकि जो विद्यार्थी किसी कारणवश नौकरी प्राप्त नहीं कर पाते हैं वे अपना स्वरोजगार पैदा कर सके और अपने तथा परिवार को पालने में सक्षम हो सके। प्रमाण पत्र वितरण संस्था के प्राचार्य बी एल. कर्ष , व्यावसायिक प्रशिक्षक चंद्रविजय साहू और संस्था के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति में किया गया ।

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए सैयद कशाफ का मॉडल चयनित

**मुलमुला।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय नई दिल्ली के तत्वावधान में इंस्पायर अवार्ड मानक



प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें नुवोको पब्लिक स्कूल गोपाल नगर के छात्र सैयद कशाफ अली कक्षा आठवीं का चयन राज्य स्तर पर हुआ। यह राज्यस्तरीय प्रतियोगिता जिला राजनांदगांव के दिग्विजय स्टेडियम में 1 व 2 जूलाई को हुई थी। प्रतियोगिता में 196 माडल प्रदर्शित किए गए। जिसमें 19 माडल राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हुए। सैयद कशाफ अली ने इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होकर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है। छात्र ने यह माडल विज्ञान शिक्षिका एन घोष के मार्ग दर्शन में तैयार किया।

## जीवनधारा नमामि गंगे फाउण्डेशन के राष्ट्रीय सचिव बने अनुभव

**जांजगीर-चांपा।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)पर्यावरण संरक्षण व गंगा संरक्षण की दिशा



मे कार्य करने वाली जल शक्ति मंत्रालय जल संसाधन नदी विकास गंगा सरक्षण से संस्तुति जीवन धारा नमामि गंगे फाउण्डेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. हरिओम शर्मा के द्वारा जीवनधारा नमामि गंगे के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. अलका यादव की सहमति से छत्तीसगढ जांजगीर चाम्पा के खोखरा निवासी अनुभव तिवारी को जीवनधारा नमामि गंगे फाउण्डेशन के राष्ट्रीय कार्यकारिणी मे राष्ट्रीय सचिव के पद पर नियुक्ति प्रदान की गई है। इनकी नियुक्ति से जिले के नमामि गंगे के जिलाध्यक्ष पिंटू भट्ट के साथ जल व पर्यावरण संरक्षण की दिशा मे कार्य करने वाले संगठनो ने हर्ष व्यक्त किया है।



**नवागढ़।** नवागढ़ में निकली भगवान जगन्नाथ स्वामी, बलभद्र और बहन सुभद्रा की रथ यात्रा।

### बिजली की दरों में हुए वृद्धि के खिलाफ कांग्रेसियों ने कचहरी चौक किया धरना-प्रदर्शन

# अघोषित बिजली कटौती व दर में बेतहाशा वृद्धि से क्षेत्र की जनता परेशान : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जांजगीर नैला व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जांजगीर ग्रामीण के संयुक्त तत्वावधान में 8 जुलाई को कचहरी चौक में राज्य के विष्णुदेव सरकार के जनविरोधी नीतियों के कारण बिजली की दरों में हुए बेतहाशा वृद्धि और अघोषित बिजली कटौती के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम किया गया।

ज्ञात हो कि दिसम्बर 2024 में प्रदेश में विष्णु देव साय के नेतृत्व की भाजपा सरकार के सत्तासीन होने के बाद भीषण गर्मी में हो रही अघोषित बिजली कटौती से जिला मुख्यालय से लेकर गांव गांव तक के लोगों का जन जीवन आज तक अस्त व्यस्त हो गया है। चाहे खेती में सिंचाई के लिए विद्युत का उपयोग हो या निजी जीवन में यंत्रों के चालन का उपयोग हो, बिजली सभी के जीवन में एक जरूरी वस्तु या अंग बन चुका है। जिस महत्वपूर्ण विषय पर संज्ञान लेते हुए छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर 8 जुलाई को प्रदेश के सभी राजस्व और संगठन ब्लॉक मुख्यालयों एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजन किया गया। आयोजित धरना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप ने कहा कि भूपेश बघेल नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार में पूरे पांच वर्ष तक बिजली की निर्बाध आपूर्ति के साथ ही साथ बिजली बिल हाफ की योजना का लाभ प्रदेश के 44 लाख उपभोक्ताओं को मिलता था। आम उपभोक्ता को लगभग 40 से 50 हजार रुपए तक के पैसे बचाने का लाभ मिला था। कार्यकारी जिलाध्यक्ष रमेश पैगवार ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार पूरे समय तक बिजली नहीं दे पा रही है। ऊपर से सरकार द्वारा बिजली के दाम में 80 प्रतिशत की वृद्धि किया जाना जनता के साथ अत्याचार है। पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा कि पिछले 2 महीनों के बिजली बिल दोगुने से भी अधिक आ रहे हैं। बिजली के दाम बढ़ने से आम उपभोक्ता परेशान हैं। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती सीमा शर्मा, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस जिलाध्यक्ष लोकेश राठौर, जिला महामंत्री आभास बोस, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गण चिंताराम राठौर, गोविन्द कश्यप, अनु जाति विभाग जिलाध्यक्ष हरदेव टंडन, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष भोजराम टंडन, एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष आकाश तिवारी, किसान नेता शिवकुमार तिवारी, जोन अध्यक्ष प्रमोद पांडेय, मोती पटेल, रविप्रकाश पांडेय, राजकुमार यादव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन संगठन महामंत्री शिशिर द्विवेदी व आभार शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जांजगीर नैला के अध्यक्ष संतोष पप्पू शर्मा ने किया। कार्यक्रम में डॉ परस शर्मा, अजीत सिंह राणा, रामकुमार यादव, विजय प्रकाश तिवारी, रफीक शेख, सत्यप्रकाश मुन्ना सिंह, जितेन्द्र दिनकर, गार्गी तिवारी, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।



धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते विधायक ब्यास कश्यप एवं उपस्थित कांग्रेसजन।

## अघोषित विद्युत कटौती से आम जनता एवं किसान परेशान

**हसौद।** हसौद के बजरंग चौक के पास राज्य सरकार के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। ब्लाक कांग्रेस कमेटी हसौद के अध्यक्ष कुशल कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में विद्युत सरप्लस होने के बावजूद विद्युत दर में बेतहाशा वृद्धि की गई है तथा प्रदेश भर में अघोषित विद्युत कटौती से प्रदेश की आम जनता एवं किसान परेशान हैं। सरकार भले ही कहती है कि बिजली के दाम में 8 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, लेकिन हकीकत में बिजली बिल दोगुने आ रहे है। कार्यक्रम को राईस किंग खुटें, राजेश लहरे,दादूराम सोनवानी, सुभान खान, ओमप्रकाश बर्मन ने भी सम्बोधित किया संचालन सतीश महेश और आभार संजय कोसले ने किया। इस अवसर पर भोजराम हरवंश, मधुसुदन साहू,रमेश कश्यप,लखन चन्द्रा, आशाराम महेश,मनोज चन्द्रा,अनुज बंजारे, प्रकाश कश्यप, प्रदीप पटेल,शिवम हरवंश, दिलेश्वर पटेल, विजय शास्वत, निखिल कश्यप, विकाश मल्होत्रा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



## प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पूर्व नगर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**अकलतरा।** अग्रसेन नगर बलौदा रोड में नवनिर्मित श्री श्याम मनोहर मंदिर में श्री खाटू श्याम के विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का शुभारंभ 7 जुलाई को शाम 5 बजे श्री श्याम भक्त परिवार के द्वारा नगर के पंचदेव मंदिर से अंबेडकर चौक, आजाद चौक, शास्त्री चौक, ओवर ब्रिज होते हुए श्री श्याम मनोहर मंदिर तक भव्य निशान यात्रा निकाली गई। श्री श्याम भक्त परिवार के द्वारा निशान यात्रा के लिए पंचदेव मंदिर से लेकर श्री श्याम मनोहर मंदिर तक पूरे मार्ग को भगवा तोरण, लाइटिंग एवं गुब्बारों से ऐतिहासिक सजावट किया गया था जो नगर वासियों को सहज ही अपनी ओर आकर्षित कर रहा था। निशान यात्रा के दौरान श्री श्याम भक्त परिवार के महिला पुरुष एवं बच्चे पारंपरिक एवं आकर्षक परिधान धारण कर धूमाल एवं डीजे में श्याम भजन पर झूमते हुए नजर आए। निशान यात्रा के दौरान पूरा नगर जय श्री श्याम के नारों से गूंज उठा। निशान यात्रा का पंचदेव मंदिर के पास मुकीम परिवार एवं मॉर्निंग वॉक कमेटी के द्वारा, जनपद पंचायत कार्यालय के पास सराफ परिवार के द्वारा, अंबेडकर चौक के पूर्व सीएम किराना परिवार के द्वारा ,शास्त्री चौक के पास सकल जैन समाज एवं पूज्य सिंधी पंचायत के द्वारा एवं ओवर ब्रिज के पार तारा अग्रवाल परिवार के द्वारा पानी बोतल, आइसक्रीम, फ्रूट जूस के साथ स्वागत किया गया।

**जलाधिवास एवं अन्नाधिवास के साथ प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम प्रारंभ हुआ:-** श्री श्याम मनोहर मंदिर में श्री खाटू श्याम के विग्रह का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सोमवार 8 जुलाई को प्रातः 8 बजे से जलाधिवास कार्यक्रम के साथ प्रारंभ हुआ एवं शाम 4 बजे अन्नाधिवास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## बिजली की आंख मिचौली से ग्रामीण परेशान

**फगुरम।** बिजली विभाग की उदासीनता के कारण तहसील अड़भार से संबंधित ग्रामवासियों में आक्रोश व्याप्त है।

ज्ञात हो की प्री मानसून एवं बारिश का मौसम प्रारंभ होते ही विद्युत उपकेंद्र सुखदा एवं विद्युत उपकेंद्र मेंटेनेंस फगुरम कि सारे दावों की पोल खुलती हुई नजर आ रही है, विगत तीन माह से बिजली की लगातार आंख मिचौली जारी है जिससे ग्रामीण परेशान है। ग्राम सारसकेला, सेरो, परसी एवं बरतूंगा ग्रामीण अंचल होने के कारण विद्युत विभाग इन गांव की मेंटेनेंस एवं विद्युत व्यवस्था बहाली करने पर कोई विशेष रुचि नही लेता है। इन गांवो में किसी प्राकृतिक कारण से बिजली आपूर्ति बाधित होती है जिसको दुरुस्त करने में 24 से 48 घंटे से भी अधिक समय विभाग द्वारा लगता है। विद्युत विभाग द्वारा किसी भी प्रकार के समस्या आने पर बरतुंगा जंफर काटकर ग्रामीण अंचल की विद्युत सप्लाई बंद कर दी जाती है एवं शहरी इलाकों की विद्युत आपूर्ति को बहाल कर दी जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि डभरा - खरसिया मुख्य मार्ग में अनेक औद्योगिक संस्थाएं जैसे राइस मिल संचालित है। विद्युत विभाग द्वारा इन्हें पहली प्राथमिकता के तौर पर विद्युत आपूर्ति किया जाता है और ग्रामीण अंचल के साथ भेदभाव किया जाता है।



## कुएं में जान गंवाने वालों के परिजन से मिले नेता प्रतिपक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

- डॉ. महंत ने ली पूरी जानकारी, व्यक्त की संवेदना

जहरीली गैस रिसाव के कारण एक ही कुआं में पांच लोगों की मौत शुक्रवार 5 जुलाई को हो जाने पर मृतकों को श्रद्धांजलि देकर शोक संतृप्त परिवार से मिलने सोमवार 8 जुलाई को छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष एवं सक्ती विधानसभा के विधायक डॉक्टर चरण दास महंत पहुंचे।

उनके साथ में क्षेत्रीय विधायक बालेश्वर प्रसाद साहू जैजैपुर के अलावा पामगढ़ विधायक श्रीमती शेषराज हरबंस एवं इस क्षेत्र के भूतपूर्व विधायक चैन सिंह सामले आदि ने श्रद्धांजलि देकर भगवान से प्रार्थना किये। इस दुख की घड़ी में मृतक के परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरण दास महंत ने बंद लिफाफा में मृतक के परिजनों को सहयोग राशि प्रदान कर मृतकों के परिजन को नौकरी लगवाने की बात कही। इस अवसर पर डॉक्टर चरण दास महंत के विधायक प्रतिनिधि गुलजार सिंह, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हसौद के अध्यक्ष कुशल कश्यप, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जैजैपुर के पूर्व अध्यक्ष अमर सिंह बनाफर, मधुसूदन साहू ,राइस किंग खूंटे, अभिषेक स्वर्णकार जैजैपुर, गुलाबुद्दीन खान, सुरेंद्र कुमार भार्गव, शाश्वतधर दीवान, ओमप्रकाश बर्मन, सतीश महेश के अलावा जांजगीर चांपा और सक्ती जिला के कार्यकर्तागण एवं नेतागण और मृतकों के परिजन उपस्थित थे।



श्रद्धा सुमन अर्पित करते डॉ. चरणदास महंत एवं अन्य।

### कक्षा 10वीं और 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

# बच्चे मन लगाकर पढ़ाई कर जिले व राज्य का नाम करें रोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मालखरौदा में सोमवार 8 जुलाई को आयोजित शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम जांजगीर-चाम्पा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती यनीता यशवंत चंद्रा द्वारा किया गया। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती संयोगिता सिंह जूदेव शामिल हुई तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अध्यक्ष जनपद पंचायत मालखरौदा श्रीमती लकेश्वरी देवा लहरे, सदस्य श्रीमती साक्षी युगल किशोर बंजारे, सदस्य श्रीमती हरिप्रिया रूपेश गबेल सहित गणमान्य नागरिक, शिक्षक शिक्षिका, विद्यार्थियों के पालक, क्षेत्रवासी तथा बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे शामिल हुए। मालखरौदा में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में सांसद सहित सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों द्वारा एक पेड़ मां के नाम थीम के तहत स्कूल परिसर पर पौधरोपण किया गया। इसके साथ ही बच्चों को तिलक लगाकर तथा मुंह मीठा कराते हुए निः शुल्क सायकल, गणवेश, पाठ्य पुस्तक वितरित किये गए। इसके अलावा शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के उपस्थिति में कक्षा 10 वीं एवम 12 वीं मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती कमलेश जांगड़े ने सर्वप्रथम विद्यार्थियों और उपस्थित लोगों के बीच मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा नये शैक्षिणिक सत्र के शुरुआत के लिए प्रेषित शुभकामना पत्र को पढ़कर सुनाया। उन्होंने अपने सम्बोधन मे कहा कि पढाई के दौरान विद्यार्थियों को कभी भी निराश नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा की वर्तमान पढ़ाई का दौरा कंपटीशन वाला है इसलिए बच्चों को पढ़ाई के दौरान अपने आप को संतुलित रखते हुए बिना निराश हुए सतत मेहनत करना चाहिए। उन्होंने सभी बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करते हुए अपने स्कूल, गांव, जिला, राज्य और देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित सभी बच्चों को मोबाइल के अनावश्यक उपयोग से दूर रहते हुए जीवन में एक लक्ष्य बनाकर कार्य करने कहा। कार्यक्रम को अन्य भ्यागतों ने भी संबोधित किया। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार चंद्रा ने बताया कि जिले में कुल 1268 शासकीय विद्यालय है जिनमे 1 लाख 36 हजार 704 विद्यार्थी अध्यनरत है। जिले में शासकीय और अशासकीय विद्यालयों को मिलाकर कुल 1492 विद्यालय है जहां 178 604 विद्यार्थी अध्यनरत है। जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले में संचालित पीएम श्री विद्यालय, सजेस विद्यालय, एकलव्य विद्यालय, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना सहित शिक्षा विभाग के अन्य कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रूपेंद्र पटेल द्वारा बताया गया कि वर्तमान समय में शासन द्वारा बच्चों को अच्छी शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए पाठ्य पुस्तक, मध्यानह भोजन, छात्रवृत्ति सहित अनेक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है जिससे बच्चे सुविधाजनक रूप से पढ़ाई करते हुए आगे बढ़ सके। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में एसडीएम रूपेंद्र पटेल, जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार चंद्रा, सांख्यिकी अन्वेषक राकेश अग्रवाल सहित गणमान्य नागरिक, आमजन, स्वामी आत्मानंद विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।




कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथिगण।

# जगन्नाथ का रथ खींचने लगी श्रद्धालुओं की कतार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

हर वर्ष के भाती इस वर्ष भी नगर के युवा पीढ़ी द्वारा भगवान जगन्नाथ का रथ यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। रथ यात्रा नगर के थाना के पीछे कुर्मी पारा से निकल कर नगर भ्रमण करते हुए मां मेनका दाई मंदिर में पूजा पाठ कर के समापन किया गया। भगवान जगन्नाथ जी का रथ को खींचने के लिए लोगो की लाइन लगी रही और मोहल्ला के सारे महिलाओं ने भगवान जगन्नाथ का पूजा पाठ किया वहीं रास्ते भर लोगो ने रथ को खींच कर भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजक गण रिंकू कश्यप, नानू कश्यप तीजू कश्यप जैकी ठाकुर ,सोनू दास,किसान ,दीपू,,दीपक यादव, विनोद यादव,पन्ना कश्यप, अनिल , मुकेश कश्यप के साथ पूरे गांव की सहभागिता रही ।



भगवान जगन्नाथ का रथ खींचते श्रद्धालु।